**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.02.2026 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2053 का उत्तर**

**हावड़ा और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन**

**2053. श्री आनंद भदौरिया:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार ने हाल ही में हावड़ा और गुवाहाटी के बीच पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) वर्ष 2026 के दौरान चलाई जाने के लिए प्रस्तावित वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) क्या सरकार का नई दिल्ली से सीतापुर तक रेल संपर्क की न्यूनतम स्थिति को देखते हुए चालू वर्ष में शाहजहांपुर-सीतापुर-लखनऊ होते हुए नई दिल्ली से वंदे भारत स्लीपर ट्रेन और अन्य प्रीमियम ट्रेनें चलाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): लंबी दूरी की यात्रा के लिए, वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर संस्करण को स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। इस तरह की दो रेलगाड़ियां पहले ही विनिर्मित की जा चुकी हैं। गहन परीक्षणों के बाद, इन रेलगाड़ियों को भारतीय रेल में शामिल कर दिया गया है।**

**वंदे स्लीपर जैसे नए चल स्टॉक के विकास की प्रक्रिया के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जिसमें सुरक्षित, विश्वसनीय और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष, रणनीतिक योजना और विनिर्माण का संयोजन होता है। इसमें प्रोटोटाइप का विकास, गहन जाँच और परीक्षण शामिल होते हैं, जिनके बाद श्रृंखला का उत्पादन किया जाता है।**

यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने और सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के मामले में नए मानक स्थापित करने के लिए, इन रेलगाड़ियों में उन्नत संरक्षा विशेषताओं और यात्री सुविधाओं वाले आधुनिक सवारी डिब्बे प्रदान किए गए हैं:

- झटका मुक्त सेमी परमामेंट कपलर एवं एंटी-क्लाइम्बर।
- कवच से सुसज्जित।
- 180/160 कि.मी. प्रति घंटे के डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्चतर त्वरण।
- ईएन मानकों के साथ कारबॉडी के अनुरूप दुर्घटना-रोधी डिज़ाइन।
- अग्नि संरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए प्रत्येक सवारी डिब्बे के अंत में अग्नि अवरोधक दरवाजे।
- बेहतर अग्नि संरक्षा-विद्युत कैबिनेटों और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन और शमन प्रणाली।
- ऊर्जा दक्षता के लिए रिजेनरेटिव ब्रेकिंग प्रणाली।
- यात्री क्षेत्र के अंदर स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए अनुकूलित हवा से 99% हानिकारक बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने के लिए, एयर कंडीशनिंग इकाइयों में स्वदेशी रूप से विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली लगाई गई है।
- केंद्रीय रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे, सभी सवारी डिब्बों में सीसीटीवी।
- आपातकालीन स्थिति में यात्री और गाड़ी प्रबंधक/लोको पायलट के बीच संप्रेषण के लिए आपातकालीन टॉक-बैक इकाई।
- दिव्यांग यात्रियों के लिए ड्राइविंग कोच में दोनों तरफ विशेष शौचालय।
- यात्री सुविधाओं जैसे वातानुकूलन, सैलून प्रकाश व्यवस्था आदि की स्थिति पर निगरानी के लिए केंद्रीकृत सवारी डिब्बा निगरानी प्रणाली।
- ऊपर की शायिकाओं पर चढ़ने में सुगमता के लिए एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन की गई सीढ़ी।

पहली वंदे भारत स्लीपर सेवा अर्थात् 27575/27576 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का दिनांक 22.01.2026 से नियमित परिचालन शुरू कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, दिल्ली-शाहजहाँपुर खंड, शाहजहाँपुर-लखनऊ खंड, दिल्ली-सीतापुर खंड और सीतापुर-लखनऊ खंड क्रमशः 18 जोड़ी, 44 जोड़ी, 5 जोड़ी और 7 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित हैं, जैसा कि निम्नानुसार तालिकाबद्ध है:

दिल्ली - शाहजहाँपुर खंड पर रेलगाड़ी सेवाएं

| क्र.सं. | रेलगाड़ी संख्या और नाम |
|---|---|
| 1 | 13065/13066 आनंद विहार (टी) - हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 2 | 15909/15910 लालगढ़ - डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस |
| 3 | 15127/15128 नई दिल्ली - वाराणसी एक्सप्रेस |
| 4 | 12391/12392 नई दिल्ली - राजगीर एक्सप्रेस |
| 5 | 15115/15116 दिल्ली - छपरा एक्सप्रेस |
| 6 | 14017/14018 आनंद विहार (टी) - रक्सौल एक्सप्रेस |
| 7 | 14015/14016 आनंद विहार (टी) - रक्सौल एक्सप्रेस |
| 8 | 14007/14008 आनंद विहार (टी) - रक्सौल एक्सप्रेस |
| 9 | 14013/14014 सुलतानपुर - आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस |
| 10 | 15279/15280 आनंद विहार (टी) - सहरसा एक्सप्रेस |
| 11 | 15273/15274 आनंद विहार (टी) - रक्सौल एक्सप्रेस |
| 12 | 14205/14206 दिल्ली - अयोध्या कैंट एक्सप्रेस |
| 13 | 14207/14208 दिल्ली - प्रतापगढ़ एक्सप्रेस |
| 14 | 12211/12212 आनंद विहार (टी) - मुजफ्फरपुर गरीबरथ एक्सप्रेस |
| 15 | 12229/12230 नई दिल्ली - लखनऊ मेल |
| 16 | 12429/12430 नई दिल्ली - लखनऊ एक्सप्रेस |
| 17 | 19269/19270 पोरबंदर - मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस |
| 18 | 15715/15716 अजमेर - किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस |

शाहजहाँपुर - लखनऊ खंड पर रेलगाड़ी सेवाएं

| क्र.सं. | रेलगाड़ी संख्या और नाम |
|---|---|
| 1 | 13019/13020 हावड़ा - काठगोदाम एक्सप्रेस |
| 2 | 14649/14650 जयनगर - अमृतसर एक्सप्रेस |
| 3 | 14673/14674 जयनगर - अमृतसर एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 4 | 15001/15002 मुजफ्फरपुर - देहरादून एक्सप्रेस |
| 5 | 15005/15006 गोरखपुर - देहरादून एक्सप्रेस |
| 6 | 15279/15280 सहरसा - आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस |
| 7 | 19269/19270 मुजफ्फरपुर - पोरबंदर एक्सप्रेस |
| 8 | 12211/12212 आनंद विहार (टी) - मुजफ्फरपुर गरीबरथ एक्सप्रेस |
| 9 | 15715/15716 किशनगंज - अजमेर एक्सप्रेस |
| 10 | 14229/14230 प्रयागराज संगम - योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस |
| 11 | 15909/15910 डिब्रूगढ़ - लालगढ़ अवध असम एक्सप्रेस |
| 12 | 15933/15934 न्यू तिनसुकिया - अमृतसर एक्सप्रेस |
| 13 | 14307/14308 प्रयागराज संगम - बरेली एक्सप्रेस |
| 14 | 14235/14236 वाराणसी - बरेली एक्सप्रेस |
| 15 | 12209/12210 काठगोदाम - कानपुर सेन्ट्रल गरीबरथ एक्सप्रेस |
| 16 | 15075/15076 टनकपुर - शक्तिनगर एक्सप्रेस |
| 17 | 15073/15074 सिंगरौली - टनकपुर एक्सप्रेस |
| 18 | 13151/13152 कोलकाता चितपुर - जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 19 | 22453/22454 लखनऊ जं. - मेरठ एक्सप्रेस |
| 20 | 13307/13308 फिरोजपुर कैंट - धनबाद एक्सप्रेस |
| 21 | 26503/26504 गोमती नगर - सहारनपुर वंदे भारतएक्सप्रेस |
| 22 | 13005/13006 हावड़ा - अमृतसर एक्सप्रेस |
| 23 | 15119/15120 बनारस - देहरादून एक्सप्रेस |
| 24 | 13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 25 | 12237/12238 वाराणसी - जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 26 | 14017/14018 रक्सौल - आनंद विहार (टी) सद्भावना एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 27 | 14007/14008 रक्सौल - आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस |
| 28 | 14013/14014 सुलतानपुर - आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस |
| 29 | 14015/14016 रक्सौल - आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस |
| 30 | 54337/54338 लखनऊ - शाहजहाँपुर पैसेंजर |
| 31 | 12587/12588 गोरखपुर - जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 32 | 15097/15098 भागलपुर - जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 33 | 15653/15654 गुवाहाटी - जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 34 | 14205/14206 अयोध्या कैंट - दिल्ली एक्सप्रेस |
| 35 | 12391/12392 राजगीर - नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 36 | 15127/15128 बनारस - नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 37 | 13009/13010 हावड़ा - योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस |
| 38 | 14207/14208 प्रतापगढ़ - दिल्ली एक्सप्रेस |
| 39 | 12229/12230 लखनऊ - नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 40 | 14241/14242 प्रयागराज - सहारनपुर नौचंदी एक्सप्रेस |
| 41 | 12231/12232 लखनऊ - चंडीगढ़ एक्सप्रेस |
| 42 | 15115/15116 छपरा - दिल्ली लोकनायक एक्सप्रेस |
| 43 | 12429/12430 लखनऊ - नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 44 | 15011/15012 लखनऊ जं. - चंडीगढ़ एक्सप्रेस |

दिल्ली - सीतापुर खंड पर रेलगाड़ी सेवाएं

| क्र.सं. | रेलगाड़ी संख्या और नाम |
|---|---|
| 1 | 15273/15274 आनंद विहार (टी) - रक्सौल सत्याग्रह एक्सप्रेस |
| 2 | 15621/15622 आनंद विहार (टी) - कामाख्या एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 3 | 15529/15530 आनंद विहार (टी) - सहरसा एक्सप्रेस |
| 4 | 14009/14010 आनंद विहार (टी) - बापूधाम मोतिहारी चंपारन सत्याग्रह एक्सप्रेस |
| 5 | 14011/14012 आनंद विहार (टी) - राधिकापुर एक्सप्रेस |

सीतापुर - लखनऊ खंड पर रेलगाड़ी सेवाएं

| क्र.सं. | रेलगाड़ी संख्या और नाम |
|---|---|
| 1 | 15009/15010 गोरखपुर - इज्जतनगर एक्सप्रेस |
| 2 | 55085/55086 गोमती नगर - पीलीभीत पैसेंजर |
| 3 | 26503/26504 गोमती नगर - सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 4 | 12107/12108 लोकमान्य तिलक (टी) - सीतापुर एक्सप्रेस |
| 5 | 55083/55084 डालीगंज - मैलानी पैसेंजर |
| 6 | 55087/55088 डालीगंज - मैलानी पैसेंजर |
| 7 | 55089/55090 डालीगंज - सीतापुर पैसेंजर |

इसके अलावा, वंदे भारत स्लीपर सेवाओं सहित, नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना सतत् प्रक्रिया है जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शामिल हैं:

- संबंधित खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता
- खंड की अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता।

******